अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में दिनाँक 19–03–2016 को बी.वॉक रिटेल मैनेजमेन्ट की तरफ से एक मिनी बाज़ार का आयोजन किया गया, जिसमें बी.वॉक. के सभी विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया. इसमें खाने, गेम्स और दैनिक आवश्यकताओं के सामान के स्टॉल लगाए गए. विद्यार्थियों ने इस फेट के आयोजन की योजना बनाई व उसे भली भाँति सामूहिक रुप से सफल बनाया. अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान श्री देवेन्द्र गुप्ता जी ने इस मिनी बाज़ार का उद्घाटन किया. इससे पहले उन्होंने महाविद्यालय में स्थापित रिटेल लैब का भी उद्घाटन किया. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 कृष्णकान्त गुप्ता ने सभी स्टालों पर जाकर विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया और बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को अनुभव प्रदान करना और उद्यम की भावना जागृत करना है. बी.वॉक. के नोडल ऑफिसर डॉ0 के.एल.कौशिक के निरीक्षण में यह और बी.वॉक. रिटेल मैनेजमेन्ट के संयोजक डॉ0 मनोज शुक्ला के नेतृत्व में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

होली के पावन अवसर पर एक रंगारग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें ब्रज की होली गाने वाली टोली ने अपना रंग जमाया. इस अवसर पर प्रधान श्री देवेन्द्र गुप्ता ने विद्यार्थियों को होली की शुभकामनाएँ एवं बधाइयाँ दीं. सर्वोत्तम स्टॉल के रुप में "अग्रवाल कॉलेज की चटपटी गलियाँ" को पुरस्कार मिला.

इस कार्यक्रम में तीनों संभागों के प्रवक्ता और विद्यार्थियों ने भाग लिया.